**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 21.03.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **मुख्यमंत्री ने आज अंबिकापुर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय तिलहन किसान मेले का किया शुभारंभ।**
- **सरगुजा ओलंपिक के तहत अंबिकापुर में आज से शुरू हुई संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएं–दो हजार से अधिक खिलाड़ी ले रहे हैं भाग।**
- **जगदलपुर में कल "बस्तर हेरिटेज मैराथन" और धमतरी जिले के गंगरेल बांध में 'महानदी रिवर बोट चैंपियनशिप' का आयोजन किया जाएगा।**
- **ईद–उल–फितर आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा ळें**

**अंबिकापुर–तिलहन किसान मेले**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सरगुजा जिले के अंबिकापुर स्थित राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय और अनुसंधान केन्द्र में दो दिवसीय राज्य स्तरीय तिलहन किसान मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री साय ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर किसानों को दी जा रही आधुनिक कृषि तकनीकों और तिलहन उत्पादन बढ़ाने के उपायों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय परिसर में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत साल का पौधा लगाया और लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हो चुका है, लेकिन वर्तमान में देश अपनी आवश्यकता का लगभग संतावन प्रतिशत ही तिलहन उत्पादन कर पा रहा है। इस कमी को दूर करने के लिए सरकार द्वारा तिलहन विकास परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे वैज्ञानिकों के सुझावों को अपनाकर तिलहन उत्पादन बढ़ाएं। कार्यक्रम को कृषि मंत्री रामविचार नेताम और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर गिरीश चंदेल ने भी संबोधित किया।

**छत्तीसगढ़ उपकर संशोधन विधेयक**

छत्तीसगढ़ विधानसभा में बजट सत्र के अंतिम दिन कल छत्तीसगढ़ उपकर संशोधन विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इस विधेयक के पारित होने से अचल संपत्ति की रजिस्ट्री पर बाजार मूल्य के आधार पर लगाया जाने वाला शून्य दशमलव छह–शून्य प्रतिशत उपकर समाप्त हो गया है। वाणिज्यिक कर मंत्री ओ.पी. चौधरी ने बताया कि इस निर्णय से प्रदेश के आम नागरिकों, किसानों, मध्यमवर्गीय परिवारों तथा संपत्ति की खरीदी–बिक्री से जुड़े लोगों को लाभ मिलेगा।

**पंजीयन कार्यालय**

प्रदेशभर के पंजीयन कार्यालय चालू वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में अवकाश के दौरान भी खुले रहेंगे। राज्य शासन ने लोगों के पंजीयन संबंधी कार्यों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है। जारी निर्देशों के अनुसार प्रदेश के सभी पंजीयन कार्यालय कल बाईस, अट्ठाईस, उनतीस और इकतीस मार्च को भी सामान्य कार्यदिवसों की तरह खुले रहेंगे। इन तिथियों में दस्तावेजों के पंजीयन सहित अन्य सभी संबंधित सेवाएं जारी रहेंगी।

**सरगुजा ओलंपिक–शुभारंभ**

सरगुजा जिले के अंबिकापुर स्थित पीजी कॉलेज मैदान में आज से सरगुजा ओलंपिक के तहत संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएं शुरू हो गई हैं। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस मौके पर कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता पहलवान गीता फोगाट भी मौजूद थीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि वे खेलों से जुड़कर अपनी प्रतिभा को निखारें, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और प्रदेश का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करें। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच प्राप्त हुआ है।

सरगुजा ओलंपिक की संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में दो हजार से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसके तहत ग्यारह से अधिक खेल विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

## श्री अन्न मेला प्रदर्शनी

केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा मोटा अनाज यानी मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और केंद्रीय सुरक्षा बल के माध्यम से देशभर में श्री अन्न मेला प्रदर्शनी और श्री अन्न महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में भिलाई स्थित केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल–सी.आई.एस.एफ. की तृतीय आरक्षित वाहिनी द्वारा कल श्री अन्न मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर सीआईएसएफ परिवार और संरक्षिका क्लब की महिला सदस्यों द्वारा मिलेट्स डोसा, मोमोज, गुलाब जामुन, और बर्फी सहित पंद्रह स्टॉल लगाए गए थे। इस अवसर पर सी.आई.एस.एफ. की महानिरीक्षक नीलिमा रानी सिंह ने जवानों और उनके परिजनों से मिलेट्स का अधिक से अधिक सेवन करने की अपील की।

## "बस्तर हेरिटेज मैराथन"

प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने और बस्तर की सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय मंच पर लाने के उद्देश्य से कल बाईस मार्च को जगदलपुर में "बस्तर हेरिटेज मैराथन" का आयोजन किया जाएगा। यह मैराथन लालबाग मैदान से शुरू होगी, जिसका समापन चित्रकोट जलप्रपात के पास होगा। मैराथन में बयालीस, इक्कीस, दस और पांच किलोमीटर जैसी अलग–अलग श्रेणियां रखी गई हैं, जिसमें देशभर से धावक शामिल होंगे। मैराथन में बस्तर संभाग के सभी जिलों – सुकमा, नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, कांकेर और कोंडागांव से दो सौ से अधिक पुनर्वासित माओवादी भी भाग लेंगे। मैराथन के विजेता प्रतिभागियों के लिए पच्चीस लाख रूपए तक का पुरस्कार रखा गया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि यह आयोजन 'रन फॉर नेचर–रन फॉर कल्चर' की थीम के साथ राज्य की पहचान को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा और युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करेगा।

## महानदी रिवर बोट चैंपियनशिप

धमतरी जिले के रविशंकर जलाशय–गंगरेल बांध में कल बाईस मार्च को 'महानदी रिवर बोट चैंपियनशिप' का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में धमतरी सहित आसपास के जिलों की कुल बावन टीमें हिस्सा लेंगी। इस दौरान प्रतिभागी नाव में एक हजार मीटर की दूरी तय करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रूपकुमारी चौधरी मौजूद रहेंगी। इस आयोजन का उद्देश्य गंगरेल बांध को प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में स्थापित करने के साथ ही जल पर्यटन को बढ़ावा देना और थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिता की विजेता टीमों को नगद राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा।

## डोंगरगढ़–ट्रेन ठहराव

चैत्र नवरात्र के अवसर पर डोंगरगढ़ में आयोजित मां बम्लेश्वरी मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा कई ट्रेनों का ठहराव डोंगरगढ़ स्टेशन में दिया गया है। साथ ही कई ट्रेनों का विस्तार भी किया गया है। डोंगरगढ़ के आसपास के स्टेशनों और शहरों से आने–जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए मेमू स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। वहीं, स्टेशन परिसर में अतिरिक्त टिकट काउंटर, पूछताछ, साफ–सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा भीड़ नियंत्रण के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। इसके अलावा स्टेशन परिसर में प्राथमिक उपचार केंद्र स्थापित किया गया है, जहां आवश्यक दवाइयों, उपकरणों और एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है।

## ईद–उल–फितर

ईद–उल–फितर आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। आज लोगों ने ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद एक–दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। इसके अलावा घरों में भी नमाज अदा कर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सेवइयां और शीर–खुरमा खाकर ईद की खुशियां बांटी। जगदलपुर स्थित जामा मस्जिद में भी ईद की विशेष नमाज अदा की गई। इसके बाद मुस्लिम समुदाय के लोग कब्रिस्तान पहुंचकर अपने दिवंगत पूर्वजों को फातिया दिए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लोगों को ईद–उल–फितर की शुभकामनाएं दी हैं।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **''कबीरधाम''** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## मौसम

प्रदेश के मौसम में इन दिनों उतार–चढ़ाव का दौर जारी है। बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी की मात्रा घटने के कारण अगले चौबीस घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन दिनों में प्रदेश के अधिकतम तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि होने की संभावना है। वहीं, चौबीस मार्च से प्रदेश में कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

– दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने चालू वित्तीय वर्ष में माल परिवहन के क्षेत्र में बीते उन्नीस मार्च को ढाई सौ मिलियन टन फ्रेट लोडिंग का आंकड़ा पार कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

– कबीरधाम जिले के राम्हेपुर स्थित भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना द्वारा गन्ना उत्पादक किसानों को करीब छह करोड़ रूपये की राशि जारी की गई है।

– जिला रोजगार और स्वरोजगार मागदर्शन केन्द्र रायपुर द्वारा तेईस मार्च को सुबह ग्यारह बजे से दोपहर तीन बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा।

– मुंगेली जिले के विभिन्न गांवों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आगामी छह अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>